Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 21-12-2005

Participants : Patel Shri Dahya Bhai V.

an>

Title : Need to give technical sanction for construction of bridges in Daman and Diu.

श्री दह्याभाई वल्लभभाई पटेल (दमन और दीव) : महोदय, मैं आपका ध्यान दमन और दीव में सरीकोजवे ब्रिज, कोलाक रिवर ब्रिज, दमन गंगा ब्रिज, दीव, नाक बारा कोटा ब्रिज तथा टाड ब्रिज का निर्माण न होने के कारण इस संघ शासित प्रदेश के लोगों के सामने आ रही कठिनाइयों की ओर दिलाना चाहता हूं। इन पांच पुलों के निर्माण के लिए दमन गंगा ब्रिज को छोड़कर बाकी सभी चार पुलों के निर्माण के लिए अभी तक टैक्नीकल सैंक्शन प्रदान नहीं की गयी है तथा इस सैंक्शन का मामला भूतल परिवहन मंत्रालय के पास लंबित है। इन पुलों के निर्माण के लिए धनराशि के आबंटन को पहले ही सैंक्शन मिल चुकी है। इसलिए मेरा केन्द्रीय सरकार से अनुरोध है कि इन चारों पुलों के निर्माण के लिए टैक्नीकल सैंक्शन तुरंत प्रदान की जाये तथा इन पांचों पुलों के निर्माण का कार्य शीघ्र आरंभ किया जाये ताकि इसके कारण आम लोगों को हो रही कठिनाइयों का समाधान हो सके।